बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-591

11/09/2026

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 33.07 करोड़ रूपये की लागत से 29 जिलों में वज्रगृह/परीक्षा भवन का होगा निर्माण, प्रथम चरण में 12 जिलों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

## मुख्य बिंदु–

- परीक्षा संबंधी प्रश्न–पत्र एवं आवश्यक सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्था होगी सुदृढ़।
- एक से डेढ़ एकड़ भूमि पर किया जायेगा वज्रगृह/परीक्षा भवन का निर्माण।
- कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल।

पटना, 11 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण कार्य को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन जिलों में एक से डेढ़ एकड़ भूमि पर वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर प्रथम चरण में 12 जिलों में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण से संबंधित आधारभूत संरचना मजबूत होगी तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

ज्ञातव्य है कि राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वज्रगृह/परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए लगभग 33.07 करोड़ रूपये की प्राक्कलित राशि का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में 12 स्थानों पर वज्रगृह/परीक्षा भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इनमें श्री शंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2) विद्यालय तकिया, सासाराम (रोहतास), +2 श्री ढ़ेरनाथ महादेव उच्च विद्यालय, शरमा, रामगढ़ चौक, लखीसराय, राजकीय बुनियादी विद्यालय, विष्णुपुर, बेगूसराय, मध्य विद्यालय, बरियारपुर, डुमरा, सीतामढ़ी, पीएम श्री जिला स्कूल, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, आदर्श उच्च विद्यालय, सराय, भगवानपुर, वैशाली, उ0म0वि0, रतवार, भभुआ (कैमूर), आर0डी0एस0 +2 विद्यालय, राजगीर, नालंदा, +2 उच्च विद्यालय, जमुई बाजार, जमुई, दर्शन साह महाविद्यालय, कटिहार, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा एवं भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा परिसर शामिल है।

******